प्रतिरक्षा मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री ल० ना० मिश्र) :

(क) 25-4-1968 को अस्थायी कर्मचारी— 1867

25-4-1968 को अस्थायी कर्मचारी— 1966

(ख) और (ग). आवश्य प्रशिक्षण सुविधाओं की प्राप्यता के अनुसार विभिन्न तकनीकी संस्थानों के छात्रों को उनकी छुट्टियों के दौरान व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है, जब उनके प्रार्थनापत्र उन के संस्थानों के मुख्यों की मार्फत प्राप्त हों।

शिक्षा मंत्रालय द्वारा प्रायोजित स्नातक और डिप्लोमा धारण करने वालों को इन फैक्ट्रियों में शिक्षा मन्त्रालय की व्यवहारिक प्रशिक्षण लगभग एक वर्ष की अवधि के लिए व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है।

(घ) छुट्टियों के दौरान व्यवहारिक प्रशिक्षण के लिए स्वीकृत दिये जाने वाले छात्रों की संख्या 121 है। ऐसे छात्रों को उनके प्रशिक्षण के दौरान कोई छात्रवृत्ति नहीं दी जाती।

1967-68 वर्ष के दौरान विभिन्न आर्डनेंस फैक्ट्रियों में स्नातकों के लिए 15 और डिप्लोमा धारण करने वालों के लिए 85 स्थान विनिहित किए गए थे। चालू वित्तीय वर्ष के लिए अभी तक कोई सीट विनिहित नहीं की गई। स्नातकों को शिक्षा मन्त्रालय द्वारा 250 रुपये मासिक दर पर स्टिपेंड दिया जाता है और डिप्लोमा धारण करने वालों को 150 रुपये मासिक।

Visit to India of the admiral of the pacific naval fleel of Soviet Union

9176. SHRI MADHU LIMAYE : Will the Minister of DEFENCE be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the Admiral of the Pacific Naval Fleet of the Soviet Union (Darya Sarang) is expected to visit India shortly to hold talks with the Government of India;

(b) if so, the purpose of such talks;

(c) whether the possibility of attack by Pak Navy in Indian Ocean area would also come up for discussion during these talks; and

(d) whether the so-called 'Vacuum' created by the withdrawal of British bases would also be discussed therein ?

THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI SWARAN SINGH) : (a) No, Sir. It may, however, be stated that Admiral Amelko, Commander-in-Chief of the Soviet Pacific Fleet was embarked on one of the 3 ships of the USSR Navy which were recently in India on a goodwill visit. During the visit, the Admiral only paid certain courtesy calls.

(b) to (d). Do not arise.

आकाशवाणी का 'टुडे इन पार्लियामेंट'

9178. श्री ओंकार लाल बोहरा : क्या सूचना और प्रसारण मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आकाशवाणी द्वारा अपने कार्यक्रम "टुडे इन पार्लियामेंट" में और समाचार बुलेटिनों में केवल कुछ चुने हुए व्यक्तियों का ही उल्लेख किया जाता है ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण है ; और

(ग) इन प्रसारणों में इस बारे में एक संतुलित और समान नीति न अपनाई जाने का क्या कारण है ?

सूचना तथा प्रसारण मन्त्री (श्री के० के० शाह) : (क) . जी, नहीं।

(ख) और (ग). सवाल नहीं उठते।

भारतीय भाषाओं के समाचार पत्रों को सहायता

9179. श्री ओंकार लाल बोहरा : क्या सूचना और प्रसारण मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा भारतीय भाषाओं के समाचार पत्रों को प्रोत्साहन तथा वित्तीय सहा-